# ध्येय पथ

## नवम्बर 2024

## मासिक ई-पत्रिका



सम्पादक

श्री सिद्धार्थ कुमार शुक्ला

श्री अभिनव त्रिपाठी

# महाराणा प्रताप महाविद्यालय,

## जंगल धूसड़, गोरखपुर

## वासुदेव बलवन्त फड़के जयन्ती –




4 नवम्बर को प्रार्थना सभा में 'वासुदेव बलवन्त फड़के जयन्ती' के अवसर पर बी0एस–सी0 तृतीय सेमेस्टर की छात्रा सुश्री सुभी ने अपना उद्‌बोधन प्रस्तुत करते हुए महाविद्यालय परिवार सहित उनकी स्मृति को नमन करते हुए हार्दिक श्रद्धांजली अर्पित की।

## महात्मा ज्योतिबा फुले जयन्ती –




6 नवम्बर को प्रार्थना सभा में 'महात्मा ज्योतिबा फुले जयन्ती' के अवसर पर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में बी0काम0 प्रथम सेमेस्टर के छात्र श्री किशन सिंह ने अपना वक्तव्य प्रस्तुत करते हुए महाविद्यालय परिवार सहित उनकी स्मृति को नमन करते हुए हार्दिक श्रद्धांजली अर्पित की।

## विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम –




11 नवम्बर को प्रार्थना सभा में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में मिशन शक्ति के अन्तर्गत 'आत्मसुरक्षा' विषय पर विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में कार्यक्रम अधिकारी डा0 आरती सिंह ने अपना उद्‌बोधन प्रस्तुत किया।

## चार्ट पेपर प्रतियोगिता –




12 नवम्बर को वाणिज्य विभाग के तत्वावधान में चार्ट पेपर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बी. काम. प्रथम सेमेस्टर की सुश्री आकांक्षा साहनी एवं बी.काम. तृतीय सेमेस्टर की सुश्री निर्जला शर्मा ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान, बी.काम. तृतीय सेमेस्टर के श्री वंशदीप राय, बी.काम. प्रथम सेमेस्टर की सुश्री तमन्ना कुमारी गोड़ एवं बी.काम. तृतीय सेमेस्टर की सुश्री महक सिंह को संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान तथा बी.काम. प्रथम सेमेस्टर के श्री अभिजीत निषाद, श्री आशुतोष शर्मा एवं श्री श्यामसुन्दर स्वामी को संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संयोजन श्री भारत कुमार ने किया।

## कार्तिक पूर्णिमा एवं गुरु नानक जयंती –

15 नवम्बर को प्रार्थना सभा में 'कार्तिक पूर्णिमा एवं गुरु नानक जयंती' के पर्व पर वाणिज्य विभाग के सहायक आचार्य श्री सिद्धार्थ कुमार शुक्ल ने अपना उद्‌बोधन प्रस्तुत करते हुए कार्तिक पूर्णिमा के महत्व को बताया साथ ही गुरु नानक देव के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला तथा महाविद्यालय परिवार सहित गुरुनानक देव की स्मृति को नमन करते हुए हार्दिक श्रद्धासुमन अर्पित की।




## साप्ताहिक योगाभ्यास कार्यक्रम –

16 नवम्बर को 'साप्ताहिक योगाभ्यास कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक के रूप मे शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रभारी डॉ. सत्येन्द्र नाथ शुक्ल तथा प्रशिक्षक प्रशिक्षु के रूप में बी.काम. प्रथम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री श्वेता ने विद्यार्थियों, कर्मचारियों तथा शिक्षकों को योग प्रशिक्षण प्रदान किया। साथ ही शीत ऋतु में योग के महत्व को बताते हुए स्वास्थ्य सम्बन्धित महत्वपूर्ण परामर्श दिया।



## एक दिवसीय कार्यशाला –




17 नवम्बर को रोवर्स/रेंजर्स के तत्वावधान में 'एक दिवसीय कार्यशाला' का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती ईशरत सिद्दकी, डी.ओ.सी. स्काउट गाइड ने अपना वक्तव्य प्रस्तुत करते हुए प्रशिक्षण प्रदान किया। कार्यक्रम का संयोजन श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह ने किया।

## तीन दिवसीय वार्षिक महोत्सव उद्घाटन कार्यक्रम –




18 नवम्बर को 'तीन दिवसीय वार्षिक महोत्सव' का शुभारंभ उद्घाटन कार्यक्रम के साथ हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में भूगोल विभाग के अध्यक्ष डॉ. विजय चौधरी ने वार्षिक महोत्सव के सम्पूर्ण गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए समस्त हुए प्रतिभागियों एवं आयोजकों को शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागीगण, विद्यार्थी, शिक्षक कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन श्री हरिकेश यादव अध्यक्ष राजनीति विज्ञान विभाग ने किया।

## कम्प्यूटर प्रश्नमंच प्रतियोगिता –



18 नवम्बर को महाविद्यालय में 'वार्षिक महोत्सव' के अन्तर्गत कम्प्यूटर प्रश्नमंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बी.एड्. तृतीय सेमेस्टर, द्वितीय स्थान बी.सी.ए. तृतीय तथा तृतीय स्थान बी.सी.ए. प्रथम सेमेस्टर के ग्रुप को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. सुबोध कुमार मिश्र तथा श्री प्रियांशु श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से किया।

## गोरखवाणी प्रतियोगिता –




18 नवम्बर को महाविद्यालय में 'वार्षिक महोत्सव' के अन्तर्गत गोरखवाणी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बी.ए. पंचम सेमेस्टर के छात्र श्री निमिष सिंह को प्रथम स्थान, बी.एस–सी. प्रथम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री अंशिका सिंह को द्वितीय स्थान तथा बी.ए. पंचम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री श्वेता शर्मा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता का संयोजन सुश्री दीप्ति गुप्ता ने किया।

## अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता –




18 नवम्बर को महाविद्यालय में 'वार्षिक महोत्सव' के अन्तर्गत "India is Proceding on path of becoming third economic super power world" विषय पर अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बी.एस–सी. पंचम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री अंजली दूबे को प्रथम स्थान, बी.ए. प्रथम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री दिव्या दुबे को द्वितीय स्थान तथा बी.ए. प्रथम सेमेस्टर के छात्र श्री आदर्श कुमार को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संयोजन अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष सुश्री शिवानी सिंह ने किया।

## भाला फेंक प्रतियोगिता –



18 नवम्बर, को 'वार्षिक महोत्सव' के अवसर पर भाला फेंक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बालक वर्ग से बी.एस–सी. तृतीय सेमेस्टर के श्री अनूप ने प्रथम स्थान, बी.ए. प्रथम सेमेस्टर के श्रीराम आशीष यादव ने द्वितीय स्थान तथा बी.काम. प्रथम सेमेस्टर के श्री सत्यम प्रकाश ने तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसी क्रम में बालिका वर्ग से बी.ए. पंचम सेमेस्टर की सुश्री सुनीता ने प्रथम स्थान, बी.ए. तृतीय सेमेस्टर की सुश्री गुड़िया ने द्वितीय स्थान तथा बी.ए. पंचम सेमेस्टर की सुश्री मनीषा यादव को तृतीय स्थाप प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. सत्येन्द्रनाथ शुक्ल ने किया।

## गोला फेंक प्रतियोगिता –



18 नवम्बर, को 'वार्षिक महोत्सव' के अन्तर्गत गोला फेंक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बालिका वर्ग से बी.ए. पंचम सेमेस्टर की सुश्री मनीषा यादव को प्रथम स्थान, बी.ए. पंचम सेमेस्टर सुश्री सुनिता को द्वितीय स्थान एवं बी.ए. प्रथम सेमेस्मटर की छात्रा सुश्री अमृता सिंह को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसी क्रम में बालक वर्ग से बी.ए. प्रथम सेमेस्टर के श्री राम आशीष यादव ने प्रथम स्थान, बी.ए. पंचम सेमेस्टर के श्री अमन गुप्ता ने द्वितीय स्थान तथा एम.काम. प्रथम सेमेस्टर के श्री सदानन्द ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. सत्येन्द्रनाथ शुक्ल ने किया।

## चक्का फेंक प्रतियोगिता –



18 नवम्बर, को 'वार्षिक महोत्सव' के अवसर पर चक्का फेंक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बालक वर्ग से बी.ए. प्रथम सेमेस्टर के श्री राकेश ने प्रथम स्थान, बी.ए. प्रथम सेमेस्टर के श्रीराम आशीष यादव ने द्वितीय स्थान तथा बी.काम. प्रथम सेमेस्टर के श्री सत्यम प्रकाश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसीक्रम में बालिका वर्ग से बी.ए. पंचम सेमेस्टर की सुश्री सुमिता ने प्रथम स्थान, बी.ए. प्रथम सेमेस्टर की सुश्री अमृता सिंह ने द्वितीय स्थान तथा बी.ए. पंचम सेमेस्टर की सुश्री मनीषा यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।




**संस्कृत भाषण प्रतियोगिता** – 18 नवम्बर को 'वार्षिक महोत्सव' के अन्तर्गत 'कृत्रिम बुद्धिमता अवसर समस्याश्च विषय' पर संस्कृत भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान श्री निमिष सिंह बी.ए. पंचम सेमेस्टर, द्वितीय स्थान सुश्री श्वेता शर्मा बी.ए. पंचम सेमेस्टर तृतीय स्थान श्री किशन सिंह बी.काम. प्रथम सेमेस्टर ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता का संयोजन डॉ. आरती सिंह ने किया।

## वॉलीबाल प्रतियोगिता –

18 नवम्बर को महाविद्यालय में 'वार्षिक महोत्सव' के अन्तर्गत वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 3 सेट के फाइनल मुकाबले में टीम महन्त अवेद्यनाथ ने टीम मेजर ध्यानचन्द को 15 प्वाइंटस से पराजित कर विजयी रही। कार्यक्रम का संयोजन श्री हरिकेश यादव तथा डॉ. सलिल कुमार पाण्डेय ने संयुक्त रूप से किया।




## योगासन प्रतियोगिता –

19 नवम्बर को 'वार्षिक महोत्सव' के अन्तर्गत योगासन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बी.काम. पंचम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री अनामिका आनन्द को प्रथम स्थान, बी.काम. पंचम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री शिखा दुबे को द्वितीय स्थान एवं बी.काम. तृतीय सेमेस्टर के छात्र श्री वंशदीप राय औरं बी.ए. प्रथम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री सत्या गुप्ता को संयुक्त रूप से तृतीय स्थान तथा बी.ए. प्रथम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री दिव्या दूबे को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संयोजन श्री सिद्धार्थ कुमार शुक्ल तथा श्री अरविन्द मौर्य ने संयुक्त रूप से किया।




## कबड्डी प्रतियोगिता –

19 नवम्बर को 'वार्षिक महोत्सव' के अवसर पर कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में पुरूष वर्ग में छत्रपति शिवाजी महाराज टीम ने पृथ्वीराज चौहान टीम को पराजित कर विजयी रही एवं महिला वर्ग में मीराबाई टीम ने रानी लक्ष्मीबाई टीम को पराजित कर विजयी रही। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. अखिलेश कुमार गुप्ता ने किया।



## कवि गोष्ठी प्रतियोगिता (स्वरचित) –




19 नवम्बर को 'वार्षिक महोत्सव' के अन्तर्गत कवि गोष्ठी प्रतियोगिता (स्वरचित) का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बी.ए. प्रथम सेमेस्टर के छात्र श्री हर्ष शुक्ला को प्रथम स्थान, बी.ए. पंचम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री शीलू मिश्रा को द्वितीय स्थान तथा बी.एस–सी. प्रथम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री मधुलिका चौबे एवं एम.एस–सी. तृतीय सेमेस्टर की छात्रा सुश्री प्रियंका गुप्ता को संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संयोजन श्री अनूप पाण्डेय ने किया।

## हिन्दी आशु भाषण प्रतियोगिता –




19 नवम्बर को 'वार्षिक महोत्सव' के तत्ववाधान में हिन्दी आशु भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बी.ए. पंचम सेमेस्टर के छात्र श्री निमिष सिंह ने प्रथम स्थान, बी.ए. पंचम सेमेस्टर के छात्र श्री आशीष पाण्डेय ने द्वितीय स्थान तथा बी.काम. प्रथम के सेमेस्टर के छात्र श्री श्याम सुन्दर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संयोजक डॉ. सुधा शुक्ल एवं सुश्री रीतिका त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से किया।

## हिन्दी निबन्ध प्रतियोगिता –




19 नवम्बर को 'वार्षिक महोत्सव' के अवसर पर 'कृत्रिम बुद्विमत्ता' विषयक हिन्दी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बी.ए. पंचम सेमेस्टर के छात्र श्री निमिष सिंह को प्रथम स्थान, बी.ए. पंचम सेमेस्टर के छात्र श्री आदर्श कुमार को द्वितीय स्थान तथा बी.ए. पंचम सेमेस्टर के छात्र श्री आदर्श पाण्डेय को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. आरती सिंह एवं श्रीमती नम्रता मिश्रा के संयुक्त रूप से किया।

## सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता –




19 नवम्बर को 'वार्षिक महोत्सव' के अन्तर्गत सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में एम.ए. तृतीय सेमेस्टर के छात्र श्री हिमांशु सिंह को प्रथम स्थान, बी.एस–सी. प्रथम सेमेस्टरर के छात्र श्री अश्विनी पटेल को द्वितीय स्थान तथा बी.एस–सी. पंचम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री पल्लवी मिश्रा एवं बी.सी.ए. प्रथम सेमेस्टर के छात्र श्री कार्तिक सिंह को संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. राम सहाय ने किया।

## हिन्दी निबन्ध प्रतियोगिता –




20 नवम्बर को 'वार्षिक महोत्सव' के अन्तर्गत हिन्दी निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बी.ए. तृतीय सेमेस्टर की छात्रा सुश्री प्रियंवदा विश्वकर्मा ने प्रथम स्थान, एम.ए. तृतीय सेमेस्टर की छात्रा सुश्री सभ्या सिंह को द्वितीय स्थान तथा बी.ए. तृतीय सेमेस्टर की छात्रा सुश्री रैना यादव को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. हनुमान प्रसाद उपाध्याय ने किया।

## कैरम प्रतियोगिता –



20 नवम्बर को 'वार्षिक महोत्सव' के अवसर पर कैरम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में बी.ए. प्रथम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री दिव्या दुबे विजेता तथा बी.बी.ए. प्रथम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री रिया साहनी उपविजेता रही। इसीक्रम में बालक वर्ग में बी.काम. प्रथम सेमेस्टर के छात्र श्री सार्थक शर्मा विजेता तथा बी.ए. पंचम सेमेस्टर के छात्र श्री आदर्श कुमार उपविजेता रहे। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. अनुभा श्रीवास्तव, श्री शैलेन्द्र सिंह एवं श्रीमती प्रियंका मिश्रा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

## शतरंज प्रतियोगिता –




20 नवम्बर को 'वार्षिक महोत्सव' के अन्तर्गत शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बालक वर्ग में बी.सी.ए. तृतीय सेमेस्टर के छात्र श्री नीतिश तिवारी को प्रथम स्थान, बी.एस–सी. प्रथम सेमेस्टर के छात्र की अश्वनी कुमार पटेल के द्वितीय स्थान तथा बी.ए. प्रथम सेमेस्टर के छात्र श्री शैलेश आनन्द को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसीक्रम में बालिका वर्ग में बी.एस–सी. तृतीय सेमेस्टर की छात्रा सुश्री शुभी ने प्रथम स्थान, बी.एड्. तृतीय सेमेस्टर की छात्रा सुश्री कीर्ति राय ने द्वितीय स्थान तथा बी.काम. तृतीय सेमेस्टर की छात्रा सुश्री महक सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संयोजन श्री पप्पु कुमार गुप्ता, श्री अनिल कुमार मौर्य तथा सुश्री तान्या श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से किया।

## दौड़ प्रतियोगिता –



20 नवम्बर को 'वार्षिक महोत्सव' के अवसर पर 100 मीटर, 200 मीटर एवं 400 मीटर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बालिका वर्ग 100 मीटर दौड़ में सुश्री सुनीता को प्रथम स्थान, सुश्री अनुष्का चौहान को द्वितीय स्थान तथा सुश्री खुशी मिश्रा को तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग 100 मीटर दौड़ में श्री आदित्य चौहान को प्रथम स्थान, श्री सुनील चौहान को द्वितीय स्थान तथा श्री प्रदीप गौतम को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसीक्रम में बालिका वर्ग 200 मीटर दौड़ में सुश्री सुनीता को प्रथम स्थान, सुश्री प्रतिमा पाण्डेय को द्वितीय स्थान तथा सुश्री ज्योति यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग 200 मीटर दौड़ में श्री राहुल कुमार यादव को प्रथम स्थान श्री सुनील चौहान को द्वितीय स्थान तथा श्री मुकेश यादव को तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसीक्रम में 400 मीटर बालिका वर्ग दौड़ में सुश्री सुनीता को प्रथम स्थान, सुश्री अंजू को द्वितीय स्थान तथा सुश्री प्रतिमा गुप्ता को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। 400 मीटर बालक वर्ग में श्री प्रदीप् कुमार गौतम को प्रथम स्थान श्री आदर्श कुमार को द्वितीय स्थान तथा श्री रामाशीष यादव को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संयोजन श्री नन्दन शर्मा एवं डॉ. शैलेन्द्र कुमार ठाकुर संयुक्त रूप से किया।

## वार्षिक महोत्सव समारोप कार्यक्रम –




20 नवम्बर को 'वार्षिक महोत्सव' के अन्तिम कड़ी में वार्षिक महोत्सव समारोप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह में अध्यक्षता कर रहे भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. विजय कुमार चौधरी तथा सह अध्यक्ष के रूप में समाजशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. हनुमान प्रसाद उपाध्याय ने वार्षिक महोत्सव के अन्तर्गत होने वाले विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरण करते हुए अपने उद्‌बोधन के माध्यम से प्रोत्साहित किया साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोप कार्यक्रम का संयोजन डॉ. सत्येन्द्रनाथ शुक्ल ने किया।

## वीरांगना झलकारी बाई जयंती –




22 नवम्बर को प्रार्थना सभा में 'वीरांगना झलकारी बाई जयन्ती' के अवसर पर बी.एड्. विभाग की सहायक आचार्य श्रीमती विभा सिंह ने अपना उद्‌बोधन प्रस्तुत करते हुए वीरांगना झलकारी बाई के साहस और पराक्रम पर प्रकाश डाला साथ ही महाविद्यालय परिवार सहित उनकी स्मृति को याद करते हुए हार्दिक श्रद्धासुमन अर्पित की।




**महिलाओं के विरूद्ध हिंसा उन्मूलन के लिए अन्तर्राष्ट्रीय दिवस** – 25 नवम्बर प्रार्थना सभा में 'महिलाओं के विरूद्ध हिंसा उन्मूलन के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस' के अवसर पर सुश्री कीर्ति राय, छात्राध्यापिका बी.एड्. तृतीय सेमेस्टर ने अपना उद्‌बोधन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर सभी शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## संविधान दिवस –

26 नवम्बर को प्रार्थना सभा में 'संविधान दिवस' के अवसर पर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप राजनीति शास्त्र विभाग के सहायक आचार्य श्री अभिनव त्रिपाठी ने अपना उद्बोधन प्रस्तुत किया एवं भूगोल विभाग के अध्यक्ष डॉ. विजय कुमार चौधरी ने विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को संविधान का शपथ दिलाया।




## विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम –

26 नवम्बर 2024 को एन.सी.सी. के तत्वावधान में 'संविधान दिवस' के अवसर पर विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में राजनीति शास्त्र विभाग के सहायक आचार्य श्री अभिनव त्रिपाठी ने अपना उद्बोधन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. रमाकान्त दूबे ने किया।




## विचार गोष्ठी कार्यक्रम–

26 नवम्बर को बी.एड्. विभाग द्वारा 'लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती वर्ष' के स्मरणोत्सव के अनुक्रम में बी.एड्. विभाग के अंतर्गत 'भारतीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का जीवन दर्शन विषय' पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बी.एड्. विभाग के विद्यार्थियों द्वारा वक्तव्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संयोजन श्रीमती शिप्रा सिंह ने किया।






**हरिवंश राय बच्चन जयंती –** 27 नवम्बर को प्रार्थना सभा में हरिवंश राय बच्चन के जयन्ती दिवस के अवसर पर बी.एस–सी. प्रथम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री अंशिका सिंह ने अपना उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए हरिवंश राय बच्चन के साहित्यिक योगदान एवं जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए महाविद्यालय परिवार सहित उनकी स्मृति को नमन करते हुए हार्दिक श्रद्धा सुमन अर्पित की।

# समाचार पत्रों में प्रकाशित .............



amarujala.com

गोरखपुर | बुधवार, 20 नवंबर 2024 — 7

## कबड्डी में छत्रपति शिवाजी महाराज और मीराबाई टीम ने बाजी मारी

संवाद न्यूज एजेंसी

### महाराणा प्रताप पीजी कॉलेज जंगल धूसड़ में वार्षिक महोत्सव का दूसरा दिन

गोरखपुर। महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़ में आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक महोत्सव के दूसरे दिन उदीयमान कवि गोष्ठी, योगासन, आशुभाषण, हिन्दी भाषण, सामान्य ज्ञान और कबड्डी प्रतियोगिता हुई।

कबड्डी के पुरुष वर्ग में आठ एवं महिला वर्ग में 7 टीमों ने प्रतिभाग किया। पुरुष वर्ग के फाइनल मैच में पुरुष वर्ग में छत्रपति शिवाजी महाराज टीम ने पृथ्वीराज चौहान टीम को शिकस्त देकर विजेता बनने का गौरव हासिल किया। महिला वर्ग में मीराबाई टीम ने फाइनल मैच में रानी लक्ष्मीबाई टीम को शिकस्त दी। उदीयमान कवि गोष्ठी (स्वरचित) में बीए के हर्ष शुक्ल प्रथम, शीलू मिश्रा द्वितीय रहे। बीएससी की मधुलिका चौबे व एमएससी की प्रियंका गुप्ता संयुक्त तृतीय रहीं।

योगासन प्रतियोगिता में बीकॉम की अनामिका आनंद प्रथम, शिखा दुबे द्वितीय रहीं। बीकॉम के वंशदीप रॉय व बीए की सत्या गुप्ता संयुक्त तृतीय रहे। बीए की दिव्या दुबे को सांत्वना पुरस्कार मिला। आशुभाषण प्रतियोगिता में बीए के निमिष सिंह प्रथम, आशीष पांडेय द्वितीय व बीकॉम के श्याम सुंदर तृतीय रहे।

IV दैनिक जागरण गोरखपुर, 20 नवंबर, 2024

# कबड्डी में छत्रपति शिवाजी व मीराबाई टीम अव्वल

- एमपीपीजी कालेज के जंगल धूसड़ में वार्षिक महोत्सव का दूसरा दिन
- कवि गोष्ठी में हर्ष तो योगासन में अनामिका रहीं प्रथम

गोरखपुर: महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़ में आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक महोत्सव के दूसरे दिन मंगलवार को उदीयमान कवि गोष्ठी, योगासन, आशुभाषण, हिंदी भाषण, सामान्य ज्ञान और कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कबड्डी के पुरुष वर्ग में आठ तथा महिला वर्ग में सात टीमों ने प्रतिभाग किया। पुरुष वर्ग के फाइनल मैच में पुरुष वर्ग में छत्रपति शिवाजी महाराज टीम ने पृथ्वीराज चौहान टीम को हराकर विजेता बनने का गौरव हासिल किया। महिला वर्ग में मीराबाई टीम ने फाइनल मैच में रानी लक्ष्मीबाई टीम को हराया। उदीयमान कवि गोष्ठी (स्वरचित) में बीए के हर्ष शुक्ल प्रथम, शीलू मिश्रा द्वितीय रहे। बीएससी की मधुलिका चौबे व एमएससी की प्रियंका गुप्ता संयुक्त तृतीय रहीं।

योगासन प्रतियोगिता में बीकाम की अनामिका आनंद प्रथम, शिखा दुबे द्वितीय रहीं। इन्होंने काफी मेहनत से मुकाम हासिल किया। यह काफी कोशिश की। बीकाम के यशदीप राय व बीए की सत्या गुप्ता संयुक्त तृतीय रहे। इन्होंने अपनी मेहनत से स्थान प्राप्त किया। बीए की दिव्या दूबे को सांत्वना पुरस्कार मिला। आशुभाषण प्रतियोगिता में बीए के निमिष सिंह प्रथम, आशीष पांडेय द्वितीय व बीकाम के श्याम सुंदर तृतीय रहे। हिन्दी भाषण में बीए के निमिष सिंह प्रथम, आदर्श कुमार द्वितीय तथा आशीष कुमार पांडेय तृतीय रहे। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में एमए के हिमांशु मिश्र प्रथम, बीएससी के अश्विनी पटेल द्वितीय रहे। बीएससी की पल्लवी मिश्रा व बीसीए के कार्तिक सिंह संयुक्त तृतीय रहे। - विज्ञप्ति

हि हिन्दुस्तान

गोरखपुर, बुधवार, 20 नवंबर 2024 06

# कबड्डी में शिवाजी व मीराबाई टीम विजेता

गोरखपुर। महाराणा प्रताप महाविद्यालय जंगल धूसड़ में आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक महोत्सव के दूसरे दिन उदीयमान कवि गोष्ठी, योगासन, आशुभाषण, हिन्दी भाषण, सामान्य ज्ञान और कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कबड्डी के पुरुष वर्ग में आठ तथा महिला वर्ग में 7 टीमों ने प्रतिभाग किया। पुरुष वर्ग के फाइनल मैच में पुरुष वर्ग में छत्रपति शिवाजी महाराज टीम ने पृथ्वीराज चौहान टीम को शिकस्त देकर विजेता बनने का गौरव हासिल किया। महिला वर्ग में मीराबाई टीम ने फाइनल मैच में रानी लक्ष्मीबाई टीम को शिकस्त दी। उदीयमान कवि गोष्ठी (स्वरचित) में बीए के हर्ष शुक्ल प्रथम रहे। बीएससी की मधुलिका चौबे व एमएससी की प्रियंका गुप्ता संयुक्त तृतीय रहीं। योगासन में बीकॉम की अनामिका आनंद प्रथम रहीं।

गोरखपुर। बुधवार • 20 नवम्बर • 2024 | राष्ट्रीय सहारा

# छत्रपति शिवाजी टीम ने पृथ्वीराज टीम को किया पराजित

**कबड्डी प्रतियोगिता**

- महाराणा प्रताप महाविद्यालय में त्रिदिवसीय वार्षिक महोत्सव
- उदीयमान कवियों ने अपनी स्वरचित कविताओं का किया पाठ

गोरखपुर (एसएनबी)। महाराणा प्रताप महाविद्यालय जंगल धूसड़ के तीन दिवसीय वार्षिक महोत्सव के दूसरे दिन मंगलवार को उदीयमान कवि गोष्ठी प्रतियोगिता (स्वरचित) सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गयीं, जिसमें छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पुरस्कार जीते। कबड्डी प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में पुरुष वर्ग में छत्रपति शिवाजी महाराज टीम ने पृथ्वीराज चौहान टीम को पराजित कर विजेता घोषित हुयी, जबकि महिला वर्ग में मीराबाई टीम फाइनल मुकाबने में रानी लक्ष्मीबाई टीम को पराजित कर विजयी रही।

कबड्डी प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग से कुल आठ टीमों ने तथा महिला वर्ग से कुल 6 टीमों ने प्रतिभाग किया था। इसके अलावा कवि गोष्ठी प्रतियोगिता में कुल 12 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें प्रथम स्थान पर बीए प्रथम सेमेस्टर के हर्ष शुक्ला, द्वितीय स्थान पर बीए पंचम सेमेस्टर की सुश्री शीलू मिश्रा रही। इसी क्रम में योगासन प्रतियोगिता में हलासन, पूर्णधनुआसन, गोरक्षासन, मत्स्येंद्रासन, मयूरासन, वृक्षासन तथा शीर्षासन में प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिसमें प्रथम स्थान बीकाम पंचम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री अनामिका आनंद, द्वितीय स्थान बीकाम पंचम सेमेस्टर की सुश्री शिखा दुबे को प्राप्त हुआ। इसके अलावा हिंदी विभाग द्वारा हिंदी आशुभाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कुल 20 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान निमिष सिंह, बीए पंचम सेमेस्टर, द्वितीय स्थान आशीष पांडेय बीए पंचम सेमेस्टर को मिला। इसी क्रम में हिंदी भाषण प्रतियोगिता में कुल 21 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें प्रथम स्थान बीए पंचम सेमेस्टर के निमेष सिंह, द्वितीय स्थान बीए पंचम सेमेस्टर के आदर्श कुमार ने प्राप्त किया। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में महाविद्यालय कुल 60 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। एम. ए. तृतीय सेमेस्टर (भूगोल) के हिमांशु मिश्रा को प्रथम, बीएससी प्रथम सेमेस्टर के अश्विनी पटेल को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। छत्रपति शिवाजी महाराज टीम ने पृथ्वीराज चौहान टीम को पराजित कर विजेता बनी एवं महिला वर्ग में मीराबाई टीम ने फाइनल मुकाबने में रानी लक्ष्मीबाई टीम को पराजित कर विजयी रही।

पुर । रविवार • 17 नवम्बर • 2024 | राष्ट्रीय सहारा

# मपीपीजी में तीन दिवसीय वार्षिक महोत्सव का शु

नबी) । महाराणा प्रताप महाविद्यालय जंगल धूसड़ गोरखपुर में प्रत्येक वर्ष की भांति
नवंबर तक होना सुनिश्चित है। इस महोत्सव के अंतर्गत अनेक प्रतियोगिताएं एवं पाठ
जक एवं महाविद्यालय के क्रीड़ा प्रभारी डॉ. एस एल शुक्ला ने बताया कि वार्षिक मह
सव के अंतर्गत वॉलीबॉल, संस्कृत भाषण, प्रश्न मंच, अंग्रेजी भाषण, गोरखवाणी भाष
सामान्य ज्ञान, उदयमान कवि गोष्ठी, हिंदी भाषण, हिंदी आशु भाषण, कैरम, शतरंज, द
में प्रतिभाग करने के लिए विद्यार्थियों ने अपना पंजीकरण करा लिया है।

आज गोरखपुर

गोरखपुर, रविवार, १७ नवम्बर २०२४

# तीन दिवसीय वार्षिक महोत्सव का शुभारंभ आज

गोरखपुर, 16 नवम्बर। महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी वार्षिक



महोत्सव का आयोजन आगामी 18 नवंबर से 20 नवंबर तक होना सुनिश्चित है। इस महोत्सव के अंतर्गत अनेक प्रतियोगिताएं एवं पाठ्य सहगामी क्रियाएं आयोजित होनी हैं जिसमें प्रतिभाग करने हेतु विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक अपना पंजीकरण कराया है। महोत्सव के संयोजक एवं महाविद्यालय के क्रीड़ा प्रभारी "डॉ. एस एल शुक्ला" ने बताया कि वार्षिक महोत्सव से संबंधित सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गयी हैं। महोत्सव के अंतर्गत वॉलीबॉल, संस्कृत भाषण, प्रश्न मंच, अंग्रेजी भाषण, गोरखवाणी भाषण, भाला, गोला, चक्का फेंक प्रतियोगिता, योगासन, कबड्डी, सामान्य ज्ञान, उदयमान कवि गोष्ठी, हिंदी भाषण, हिंदी आशु भाषण, कैरम, शतरंज, दौड़, निबंध इत्यादि प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेंगी।

हिन्दुस्तान
गोरखपुर, मंगलवार, 19 नवंबर 2024 05

# वॉलीबॉल में टीम महंत अवेद्यनाथ बनी विजेता

**प्रतियोगिता**

- महाराणा प्रताप पीजी कॉलेज में वार्षिक महोत्सव का शुभारंभ
- भाला में अनूप व सुनीता तथा गोला फेंक में मनीषा व राम आशीष विजेता


गोरखपुर, निज संवाददाता। महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़ में सोमवार को तीन दिवसीय वार्षिक महोत्सव का शुभारंभ हो गया। पहले दिन संस्कृत भाषण, प्रश्न मंच, अंग्रेजी भाषण, गोरखवाणी, वॉलीबॉल, भाला, गोला एवं चक्का फेंक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भूगोल विभाग के अध्यक्ष डॉ विजय चौधरी ने उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता की।

वॉलीबॉल का फाइनल मैच टीम महंत अवेद्यनाथ व टीम मेजर ध्यानचंद के बीच खेला गया। इसमें टीम महंत अवेद्यनाथ ने 15 अंकों के बड़े अंतर से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया। भाला फेंक के बालक वर्ग में बीएससी के अनूप प्रथम और बालिका में बीए की सुनीता अव्वल रहीं। गोला फेंक में बालिका वर्ग में बीए की मनीषा यादव प्रथम और बालक वर्ग में बीए के राम आशीष यादव प्रथम रहे। चक्का फेंक बालक वर्ग में बीए के राकेश प्रथम और बालिका वर्ग में बीए की सुमिता प्रथम रहे। प्रश्नमंच में बीएड तृतीय सेमेस्टर के कीर्ति राय, जयदीप मुखर्जी, अभिजीत चतुर्वेदी एवं किशन कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। गोरखवाणी में बीए के निमिष सिंह प्रथम रहे।

अंग्रेजी भाषण में बीएससी की अंजली दुबे प्रथम, बीए की दिव्या दुबे द्वितीय तथा आदर्श कुमार तृतीय रहे। संस्कृत भाषण में बीए के निमिष सिंह प्रथम, श्वेता शर्मा द्वितीय, बीकॉम के किशन सिंह तृतीय रहे।

IV दैनिक जागरण गोरखपुर, 19 नवंबर, 2024

# वालीबाल प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने दिखाया दमखम



महाराणा प्रताप महाविद्यालय जंगल घूसड़ मे आयोजित खेल प्रतियोगिता मे खेलते छात्र • जागरण

जासं, गोरखपुर: महाराणा प्रताप महाविद्यालय जंगल धूसड़ में सोमवार को तीन दिवसीय वार्षिक महोत्सव का शुभारंभ हुआ। पहले दिन संस्कृत भाषण, प्रश्न मंच, अंग्रेजी भाषण, गोरखवाणी, वालीबाल, भाला, गोला एवं चक्का फेंक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए चमक विखेरी। वालीबाल का फाइनल मैच टीम महंत अवेद्यनाथ व टीम मेजर ध्यानचंद के बीच खेला गया। इसमें टीम महंत अवेद्यनाथ ने 15 अंकों के बड़े अंतर से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया। भाला फेंक के बालक वर्ग में बीएससी के अनूप प्रथम, बीए राम आशीष यादव द्वितीय और बीकाम के सत्यम प्रकाश तृतीय रहे। भाला फेंक बालिका में बीए की सुनीता प्रथम, गुड़िया द्वितीय, मनीषा यादव तृतीय रहीं। गोला फेंक में बालिका वर्ग में बीए की मनीषा यादव प्रथम, सुनीता द्वितीय तथा अमृता सिंह तृतीय रहीं। गोला फेंक बालक वर्ग में बीए के राम आशीष यादव प्रथम, बीए के अमन गुप्ता द्वितीय व एमकाम के सदानंद तृतीय रहे। प्रश्न मंच प्रतियोगिता में बीएड तृतीय सेमेस्टर के कीर्ति राय, जयदीप मुखर्जी, अभिजीत चतुर्वेदी एवं किशन कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। गोरखवाणी में बीए के निमिष सिंह प्रथम, बीएससी की अंशिका सिंह द्वितीय, बीए की श्वेता शर्मा तृतीय रहे। अंग्रेजी भाषण में बीएससी की अंजली दुबे प्रथम, बीए की दिव्या दुबे द्वितीय तथा आदर्श कुमार तृतीय रहे। संस्कृत भाषण में बीए के निमिष सिंह प्रथम, श्वेता शर्मा द्वितीय रही। भूगोल विभाग के अध्यक्ष डा.विजय चौधरी ने उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता की।-विज्ञप्ति।

amarujala.com

गोरखपुर | मंगलवार, 19 नवंबर 2024

7

city sports

# इंटर यूनिवर्सिटी गेम्स के लिए डीडीयू की खो-खो टीम चयनित

गोरखपुर। फकीर मोहन विश्वविद्यालय बालासोर (उड़ीसा) में तीन दिसंबर से होने वाली पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय खो-खो (पुरुष) प्रतियोगिता 2024-25 के लिए गोरखपुर विश्वविद्यालय की खो-खो टीम का चयन सोमवार को विश्वविद्यालय क्रीड़ांगन पर किया गया।

क्रीड़ा परिषद के सचिव डॉ. राजवीर सिंह ने बताया कि अस्थाई रूप से चयनित टीम में भास्कर कुशवाहा, सत्येंद्र यादव (विश्वविद्यालय), विकास कुमार, रामकेश, वीरू (महाराणा प्रताप महाविद्यालय जंगल धूषण), अखिलेश यादव, राहुल कुमार निषाद, अमरनाथ प्रजापति (चंद्रिका प्रसाद शुक्ल महाविद्यालय), गोकुल (दिग्विजय नाथ महाविद्यालय), विवेक कुमार (वीर अब्दुल हमीद महाविद्यालय), बृजेश कुमार (डॉ. राम मनोहर लोहिया महाविद्यालय) और बृजेश गुप्ता (हीरामन महातम महाविद्यालय) शामिल हैं। उन्होंने कहा कि सभी चयनित खिलाड़ी 19 नवंबर को दोपहर दो बजे विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद कार्यालय में अवश्य उपस्थित हों। संवाद

# महंत अवेद्यनाथ टीम बनी वॉलीबॉल में विजेता

## महाराणा प्रताप पीजी कॉलेज जंगल धूसड़ में तीन दिवसीय वार्षिक महोत्सव का शुभारंभ

गोरखपुर। महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़ में तीन दिवसीय वार्षिक महोत्सव का शुभारंभ सोमवार को गया। पहले दिन संस्कृत भाषण, प्रश्न मंच, अंग्रेजी भाषण, गोरखवाणी, वॉलीबॉल, भाला, गोला एवं चक्का फेंक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वॉलीबॉल का फाइनल मैच टीम महंत अवेद्यनाथ व टीम मेजर ध्यानचंद के बीच खेला गया। इसमें टीम महंत अवेद्यनाथ ने 15 अंकों के बड़े अंतर से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया।

भाला फेंक के बालक वर्ग में बीएससी के अनूप, बालिका में बीए की सुनीता प्रथम रहीं। गोला फेंक में बालिका वर्ग में बीए की मनीषा यादव और बालक में बीए के राम आशीष यादव पहले स्थान पर रहे। चक्का फेंक बालक में बीए के राकेश और बालिका में बीए की सुमिता प्रथम रहीं।

प्रश्नमंच प्रतियोगिता में बीएड तृतीय सेमेस्टर के कीर्ति राय, जयदीप मुखर्जी, अभिजीत चतुर्वेदी एवं किशन कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। गोरखवाणी में बीए के निमिष सिंह, अंग्रेजी भाषण में बीएससी की अंजली दुबे और संस्कृत भाषण में बीए के निमिष सिंह प्रथम रहे। संवाद

गोरखपुर ,मंगलवार १९ नवम्बर २०२४ ४

आज

## विश्वविद्यालय की खो -खो ( पुरुष) टीम चयनित

गोरखपुर, १८ नवम्बर। फकीर मोहन विश्वविद्यालय वालासोर (उड़ीसा )में 3 दिसंबर से आयोजित होने वाली पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय खो खो (पुरुष) प्रतियोगिता 2024- 25 हेतु विश्वविद्यालय की खो खो (पुरुष) टीम का चयन आज दिनांक 18 नवंबर को विश्वविद्यालय क्रीड़ांगन पर किया गया द्य अस्थाई रूप से चयनित टीम निम्नवत है भास्कर कुशवाहा, सतेंद्र यादव (विश्वविद्यालय ) विकास कुमार, रामकेश, वीरू (महा राणा प्रताप महाविद्यालय जंगल धुषण) अखिलेश यादव, राहुल कुमार निषाद, अमरनाथ प्रजापति (चन्द्रिका प्रसाद शुक्ला महाविद्यालय) गोकुल (दिग्विजय नाथ महाविद्यालय) विवेक कुमार (वीर अब्दुल हमीद महाविद्यालय) बृजेश कुमार (डॉ राम मनोहर लोहिया महाविद्यालय) मुकेश गुप्ता (हीरामन महातम महाविद्यालय) यह जानकारी विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद के सचिव डॉ राज वीर सिंह ने दी, तथा बताया कि सभी चयनित खिलाड़ी दिनांक 19 नवंबर को अपराह्न 2 बजे विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद कार्यालय पर अवश्य उपस्थित हों ।

amarujala.com

गोरखपुर | बृहस्पतिवार, 21 नवंबर 2024 8

## खेल से होता है अनुशासन व संयम का विकास : डॉ. विजय

गोरखपुर। महाराणा प्रताप महाविद्यालय जंगल धूसड़ के वार्षिक महोत्सव में आयोजित प्रतियोगिता में विजेताओं को मेडल व प्रमाणपत्र देकर उत्साहवर्धन किया। अध्यक्षता करते हुए भूगोल के विभागाध्यक्ष डॉ. विजय कुमार चौधरी ने कहा कि खेल का हमारे जीवन में अद्वितीय महत्व है। यह हमारे स्वास्थ्य का विकास करता है। खेल से शारीरिक स्वास्थ्य सुधरता है और हमें ऊर्जा से भर देता है। यह हमारी मानसिक तनाव को कम करके खुशी प्रदान करता है। इस मौके पर हिंदी प्रतियोगिता में 34 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। इसमें प्रियंवदा विश्वकर्मा को प्रथम, सध्या सिंह को द्वितीय व रैना यादव को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता में निर्णायक शैलेंद्र सिंह व जितेंद्र प्रजापति, डॉ अर्चना गुप्ता, डॉ. सुधा शुक्ला उपस्थित रही। प्रतियोगिता का संयोजन समाज शास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ. हनुमान प्रसाद उपाध्याय ने किया गया। संवाद

**आज**

गोरखपुर, बुधवार २७ नवम्बर २०२४

## प्रयोगात्मक परीक्षा कल

गोरखपुर 26 नवम्बर। महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़ में बी.एस.सी कंप्यूटर साइंस पंचम सेमेस्टर तथा बी.ए. कंप्यूटर एप्लीकेशन पंचम सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 28 नवंबर को 11 बजे से विभाग में प्रारंभ होगी। इस आशय की सूचना महाविद्यालय के कंप्यूटर विभाग के सहायक आचार्य श्री सूरज मिश्रा ने दी।

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम सन्तोष से बदलकर सन्तोष विश्वकर्मा रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। सन्तोष

---

गोरखपुर। बुधवार • 27 नवम्बर • 2024 **सहारा**

## स्नातक कंप्यूटर की प्रयोगात्मक परीक्षाएं कल

गोरखपुर(एसएनबी)। महाराणा प्रताप महाविद्यालय जंगल धूसड़ गोरखपुर में बी.एस.सी कंप्यूटर साइंस पंचम सेमेस्टर तथा बी.ए. कंप्यूटर एप्लीकेशन पंचम सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 28 नवंबर 2024 को 11 बजे से विभाग में प्रारंभ होंगी। यह सूचना महाविद्यालय के कंप्यूटर विभाग के सहायक आचार्य सूरज मिश्रा ने दी।

---

**हिन्दुस्तान**

गोरखपुर, गुरुवार, 21 नवंबर 2024 07

## वार्षिक महोत्सव : सुनीता और आदित्य रहे सबसे तेज धावक

गोरखपुर, निज संवाददाता। महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़ में आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक महोत्सव का बुधवार को समापन हो गया। हिंदी निबंध प्रतियोगिता में बीए की प्रियंवदा विश्वकर्मा अव्वल रहीं।

कैरम के बालिका वर्ग में बीए की दिव्या दुबे विजेता रहीं। बालक वर्ग में विजेता बीकॉम के सार्थक शर्मा बने। शतरंज के बालक वर्ग में बीसीए के नीतीश तिवारी अव्वल रहे। शतरंज बालिका वर्ग में बीएससी की शुभी प्रथम रहीं। दौड़ के 100 मी बालिका वर्ग में सुनीता अव्वल रहीं। बालक 100 मी. में आदित्य चौहान, बालक 200 मी. में राहुल यादव, बालिका 200 में सुनीता, बालिका 400 मी. में सुनीता, 400 मी. बालक वर्ग में प्रदीप अव्वल रहे। वॉलीबॉल बालिका वर्ग में रानी पद्मावती टीम ने खिताब जीता।

भारतीय नभमण्डल के धार्मिक–आध्यात्मिक, सामाजिक एवं राजनैतिक क्षितिज के दैदीप्यमान नक्षत्र युगपुरुष ब्रह्मलीन महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज में पूर्वांचल के शैक्षणिक विकास एवं भारतीय संस्कृति, परम्परा, सनातन ज्ञान–विज्ञान एवं कौशल से ओत–प्रोत शिक्षा के प्रचार–प्रसार के उद्देश्य से सन् 1932 ई. में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् की स्थापना की थी। सिद्ध गोरक्षपीठ एवं महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् द्वारा संचालित महाराणा प्रताप महाविद्यालय पूर्वांचल के शिक्षा क्षेत्र के एक अग्रणी संस्था है। महाविद्यालय के मासिक गतिविधियों का एक संक्षिप्त संकलन ''ध्येय पथ'' नाम से मासिक ई–पत्रिका के रूप में प्रकाशित किया जा रहा है। इसी क्रम में नवम्बर माह की मासिक ई–पत्रिका ध्येय–पथ आप सभी के अवलोकनार्थ प्रस्तुत है।

# महाराणा प्रताप महाविद्यालय,
## जंगल धूसड़, गोरखपुर